# नोप्स वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, घुमारवीं में आयोजित मिशन लाइफ एवं प्रकृति के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम पर रिपोर्ट

## Report on Awareness Program on Mission LiFE & Prakriti Organized at NOPS Public Sr. Sec. School, Ghumarwin

भा.वा.अ.शि.प.-हि.व.अ.सं.,शिमला द्वारा नोप्स वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, घुमारवीं, बिलासपुर, हिमाचल प्रदेश में मिशन लाइफ एवं प्रकृति कार्यक्रम के अंतर्गत दिनाँक 09.05.2025 को एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया I संस्थान से श्री राजेंद्र पाल भाटिया ने नौवीं से दस जमा दो कक्षा तक के विद्यार्थियों, हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला का अधिदेश, इसके अधीनस्थ क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्रों, वन विज्ञान केन्द्रों, संस्थान में चल रही अनुसंधान गतिविधियों एवं अनुसंधान परिणामों, भारतीय वानिकी अनुसंधान के बार मे संक्षेप में जानकारी सांझा की । इसके अलावा उन्होनें मिशन लाइफ के अंतर्गत 75 कार्यों के बारे में अवगत करवाया । उन्होनें विद्यार्थियों से कहा कि आप छोटे छोटे करी कर पर्यावरण सरंक्षण में अपना योगदान दे सकते हैं । उन्होनें विद्यार्थियों को ऊर्जा एवं पानी बचाने के टिप्स दिये तथा सिंगल यूस प्लास्टिक के उपयोग न करने कि सलाह दी । कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्या श्रीमती नीलम शर्मा के द्वारा जागरूकता कार्यक्रम करने के लिए संस्थान का आभार व्यक्त किया और भविष्य में संबन्धित संस्थान में विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण के बारे में इच्छा ज़ाहिर की I

## पर्यावरण जागरूकता शिविर में भाग लेते नोप्स स्कूल के विद्यार्थी








*********

# विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण की दी जानकारी



नाप्स पब्लिक स्कूल घुमारवीं में विद्यार्थियों को जानकारी देते राजेंद्र पाल • जागरण

**घुमारवीं** : नाप्स पब्लिक स्कूल घुमारवीं में पर्यावरण संरक्षण एवं मिशन लाइफ और अन्य वानिकी विषयों पर प्रधानाचार्य नीलम शर्मा की अध्यक्षता में जागरूकता शिविर का आयोजन किया। भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद-हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान शिमला से राजेंद्र पाल भाटिया ने ने विद्यार्थियों व शिक्षकों को परिषद के अधीनस्थ राज्यों में स्थापित विभिन्न संस्थानों व पर्यावरण संरक्षण के बारे में जानकारी दी। उन्होंने हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान शिमला में चल रही वानिकी अनुसंधान गतिविधियों, मिशन लाइफ और ऊर्जा, पानी, सिंगल प्लास्टिक यूज रिड्यूस्ड, वेस्ट रिड्यूस्ड, ई-वेस्ट रिड्यूस्ड आदि के तहत 75 कार्यों के बारे में भी बताया।

## विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के बारे में दी जानकारी

**भगेड़ (बिलासपुर)** नॉपस वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला घुमारवीं में पर्यावरण संरक्षण विषय पर एक दिवसीय जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान शिमला से राजेंद्र पाल भाटिया ने बच्चों को मार्गदर्शन किया। उन्होंने विद्यार्थियों और स्टाफ को परिषद के अधीनस्थ भारतवर्ष के अन्य राज्यों में स्थापित विभिन्न संस्थानों के बारे में जानकारी दी। साथ ही हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान शिमला में चल रही वानिकी अनुसंधान गतिविधियों, मिशन लाइफ और इसके सात थीम में ऊर्जा, पानी, सिंगल प्लास्टिक यूज रिड्यूस, वेस्ट रिड्यूस, ई-वेस्ट रिड्यूस आदि के तहत 75 कार्यों को विस्तृत रूप में बताया। प्रधानाचार्य नीलम शर्मा ने इसके लिए राजेंद्र पाल भाटिया का आभार जताया। संवाद

## विद्यार्थियों को दी पर्यावरण संरक्षण के बारे में जानकारी

**घुमारवीं, ( आपका फैसला )।** नॉप्स वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला घुमारवीं में पर्यावरण संरक्षण एवं मिशन लाइफ आदि अन्य वानिकी विषयों पर प्रधानाचार्य की अध्यक्षता में एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद् हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला से आए हुए राजेंद्र पाल भाटिया ने भाग लिया। उन्होंने विद्यार्थियों एवं स्कूल स्टॉफको परिषद् के अधीनस्थ भारतवर्ष के अन्य राज्यों में स्थापित विभिन्न संस्थानों के बारे में जानकारी दी और हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला में चल रही वानिकी अनुसंधान गतिविधियों एवं मिशन लाइफ और इसके सात थीमों में ऊर्जा, पानी, सिंगल प्लास्टिक यूस रिड्यूस्ड, वेस्ट रिड्यूस्ड, ई .वेस्ट रिड्यूस्ड आदि के अंतर्गत 75 कार्यों को विस्तृत रूप में बताया। विद्यालय की प्रधानाचार्य नीलम शर्मा के द्वारा राजेंद्र भाटिया और संस्थान का धन्यवाद किया और भविष्य में संस्थान में विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण पर लाने के लिए कहा।